
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

05 मार्च 2025

Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

कोई किसी को सिखा नहीं सकता है, जब खुद में इच्छा जागती है तभी कोई सीख पाता है।

**श्री अरबिंदो घोष**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The Change Makers
Email us : teachersofbihar@gmail.com

# दिवस ज्ञान

05 मार्च

विक्रम संवत् 2081, फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष, षष्ठी तिथि, बुधवार 05 मार्च 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

"बड़ों के प्रति सम्मान और सरलता का व्यवहार, बराबर वालों से प्रसन्नता का व्यवहार और छोटों के प्रति कोमलता का व्यवहार भलेमानुषों के लक्षण हैं।"

– डॉ. रामचन्द्र शुक्ल

DIWAS GYAN

## आज के दिन

1968 – मार्टिन लूथर किंग की हत्या।

Gyan Drishti

Diwas Gyan

1. **गांधी–इरविन समझौता दिवस–** 5 मार्च, 1931 को महात्मा गांधी और वायसराय इरविन के मध्य एक समझौता पर हस्ताक्षर हुआ तथा सविनय अवज्ञा आंदोलन स्थगित करने की घोषणा की गई। इस समझौते में सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान पकड़े गये लोगों को रिहा करना तय हुआ। इसके अलावा यह तय हुआ कि नमक कर हटा दिया जाय ताकि भारतीय उसे कानूनी रूप से बनाकर बेच सकें और निजी इस्तेमाल कर सकें। इस समझौते को 'गांधी–इरविन पैक्ट' या 'गांधी–इरविन समझौता' या 'दिल्ली समझौता' के नाम से जाना जाता है।

2. **स्टालिन की मृत्यु–** स्टालिन का अर्थ होता हैं 'लौह पुरुष' (Man of Steel)। स्टालिन को 'आधुनिक रूस का निर्माता' कहा जाता है। 1876ई. में जॉर्जिया में गोरी नामक गाँव में एक किसान परिवार में स्टालिन का जन्म हुआ था। उसका पूरा नाम जोजेफ विसारिओनोविच स्टालिन था। लेनिन ने ही स्टालिन को कम्यूनिस्ट पार्टी का उत्तराधिकारी बनाया। स्टालिन को वर्ष 1929–53 तक सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक संघ के तानाशाह शासक के रूप में याद किया जाता है। वर्ष 1941–53 तक सेवियत संघ का प्रधानमंत्री भी रहा। स्टालिन का शासनकाल आतंक और क्रूरता से भरा हुआ था। उसके द्वारा बनाई गई नीतियों और फरमानो की वजह से कई नागरिक मौत के घाट उतार दिए गए। अपने जीवन के अंतिम दिनों में स्टालिन इतना शक्की हो गया था कि अपनी ही पार्टी के लोगों पर शक करने लगा था, और जिस किसी पर उसका शक होता उसे मरवा देता था। हालांकि उसने सोवियत संघ को कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था से एक औद्योगिक और सैन्य महाशक्ति में भी बदल दिया। 29 साल तक सत्ता में रहने वाले सोवियत तानाशाह जोसफ स्टालिन की मृत्यु 5 मार्च, 1953 ई. को हुआ था।

3. **वोल्टा का निधन–** इतालवी वैज्ञानिक अलेस्सांद्रो वोल्टा का निधन 5 मार्च, 1827 ई. को हुआ था। वोल्टा ने बैटरी तथा मिथेन गैस की खोज की थी। विद्युत विभव, विभवान्तर और विद्युतवाहक बल की इकाई 'वोल्ट' उन्हीं के नाम पर रखा गया है।
   - सदर्भः विज्ञान भाग–2 पाठ 10 से जोड़कर बतायें।


4. **गंगुबाई हंगल का जन्म–** भारतीय शास्त्रीय संगीत की प्रसिद्ध गायिका गंगुबाई हंगल का जन्म 5 मार्च, 1913 ई. को कर्नाटक के धारवाड जिले में देवदासी परंपरा वाले केवट परिवार में हुआ था। उन्होंने आर्थिक संकट, समाज के लोगों द्वारा की गई जातिय तिरस्कार और भूख से लगातार लड़ाई करते हुए भी उच्च स्तर का संगीत दिया। उन्होंने भारत रत्न पंडित भीमसेन जोशी से संगीत की शिक्षा ग्रहण की। उनकी गायिकी के मुकाम के कारण उन्हें पद्म भूषण (1971), पद्म विभूषण (2002), तानसेन पुरस्कार, कर्नाटक संगीत नृत्य अकादमी पुरस्कार (1962) और संगीत नाटक अकादमी (1973) जैसे पुरस्कारों से नवाजा गया। इनकी आत्मकथा 'नन्ना बदुकिना हादु' (मेरे जीवन का संगीत) शीर्षक से प्रकाशित हुई है।

- **क्या आप जानते हैं?**
  सोवियत संघ ने 1918 में पेट्रोग्राड को हटाकर मॉस्को को रूस की राजधानी बनाया। मॉस्को यूरोप का सबसे बड़ा शहर है और यह मोस्कोवा नदी के तट पर बसा हुआ है। मॉस्को को 'संसार के अरबपतियों का नगर' भी कहा जाता है।

website: https://www.teachersofbihar.org/publication/diwasgyan https://www.teachersofbihar.org/publication/gyandrishti

मधु प्रिया


# गांधी-इरविन समझौता 5 मार्च




5 मार्च सन् 1931 को लंदन द्वितीय गोल मेज सम्मेलन के पूर्व महात्मा गांधी और तत्कालीन वाइसराय लार्ड इरविन के बीच एक राजनैतिक समझौता जिसे गांधी-इरविन समझौता कहते हैं। हिंसा के आरोपियों को छोड़कर बाकी सभी राजनीतिक बन्दियों को रिहा कर दिया जाएगा। भारतीयों को समुद्र किनारे नमक बनाने का अधिकार दिया जाएगा।इस समझौते में लार्ड इरविन ने स्वीकार किया कि -हिंसा के आरोपियों को छोड़कर बाकी सभी राजनीतिक बन्दियों को रिहा कर दिया जाएगा।भारतीयों को समुद्र किनारे नमक बनाने का अधिकार दिया जाएगा।भारतीय शराब एवं विदेशी कपड़ों की दुकानों के सामने धरना दे सकते हैं।आन्दोलन के दौरान त्यागपत्र देने वालों को उनके पदों पर पुनः बहाल किया जायेगा।आन्दोलन के दौरान जब्त सम्पत्ति वापस की जाएगी।कांग्रेस की ओर से गांधीजी ने निम्न शर्तें स्वीकार की -सविनय अवज्ञा आन्दोलन स्थगित कर दिया जाएगा।कांग्रेस द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लेगी।कांग्रेस ब्रिटिश सामान का बहिष्कार नहीं करेगी।गाँधीजी पुलिस की ज्यादतियों की जाँच की माँग छोड़ देंगे।यह समझौता इसलिए महत्वपूर्ण था क्योंकि पहली बार ब्रिटिश सरकार ने भारतीयों के साथ समानता के स्तर पर समझौता किया।




**गंगूबाई हंगल** *Gangubai Hangal*, जन्म: 5 मार्च 1913 - मृत्यु: 21 जुलाई 2009) भारत की प्रसिद्ध खयाल गायिका थीं। भारतीय शास्त्रीय संगीत के किराना घराने का प्रतिनिधित्व करने वाली गंगूबाई हंगल ने जातीय बाधाओं को पार कर संगीत क्षेत्र में आधे से अधिक सदी तक अपना योगदान दिया।

विज्ञान कॉर्नर

TEACHERS OF BIHAR – THE CHANGE MAKERS

# विभिन्न तत्वों से परिचय

रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

## तत्व (Element)

### आयोडीन (Iodine)

संकेत (symbol) - **I**

परमाणु संख्या (Atomic no.) -53

समूह (group)-17

आवर्त (period)-5


ब्लाक (block)-p

संयोजकता (valancy)-1

समस्थानिक (Isotope)-2

इलेक्ट्रॉनिक विन्यास -$[Kr]4d^{10}5s^25p^5$

परमाणु भार A. weight -126.90




### खोज

1811, बूर्नार्ड कोर्टोइस

### भौतिक गुण

काला रंग, नमकीन ,द्विपरमाणुक,ठोस, अधातु

### रासायनिक गुण

सबसे कम अभिक्रियाशील, सबसे अधिक विद्युत ऋणात्मक  हैलोजन

### उपयोग

दवा, मुद्रण उधोग, पशु आहार ,जल शोधन ,घाव साफ करने की दवा,आहार

Anu priya

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 05.03.2025

## प्रयोगात्मक शोध

प्रयोगात्मक शोध, वैज्ञानिक शोध का एक तरीका है जिसमें किसी परिकल्पना को साबित करने के लिए प्रयोग किया जाता है. इसे प्रयोगशाला प्रयोग भी कहा जाता है. इसमें शोधकर्ता, एक या ज़्यादा स्वतंत्र चरों में बदलाव करता है और बाहरी चरों को नियंत्रित करता है. इसके बाद, वह एक या ज़्यादा आश्रित चरों पर बदलाव का असर मापता है ।

# वैज्ञानिक कारण

SCIENCE

## वायु में कार्य करने की क्षमता होती है, कैसे?

**गर्मी के दिनों में देखा जाता है,जब जोरों की हवा चलती है तो पेड़ों की पत्तियां हिलने लगती है। आंधी में बड़े बड़े पेड़ उखड़ कर गिर जाते हैं। अतः हम कह सकते हैं कि हवा में कार्य करने की क्षमता होती है।**



*Madhu priya*

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**बुलंदशहर** में डेढ़ साल के अर्श की आंखें खुद-ब-खुद रंग बदल लेती हैं। **परिवार** का कहना है कि बच्चे को जिस रंग के कपड़े पहनाए जाते हैं, उसकी **आंखें** उसी रंग की हो जाती हैं।

# बिहार दिवस विशेष

**05** मार्च

## आइए, अपने बिहार को जाने !

**01** मार्च से **22** मार्च



नीतीश कुमार
बिहार के मुख्यमंत्री






आरिफ़ मोहम्मद ख़ान
बिहार के राज्यपाल

**9.** बिहार की आधिकारिक भाषा हिन्दी और उर्दू है।

**10.** बिहार का गठन मुगल साम्राज्य के एक प्रांत के रूप में **1580** ई. में किया गया था।

राकेश कुमार

# TOB खेल कॉर्नर


ICC वनडे टूर्नामेंट में
IND
VS
AUS
18 मैच
1 नो रिजल्ट
भारत जीता : 7
ऑस्ट्रेलिया जीता : 10


हेड टु हेड
IND
VS
AUS
151 मैच
10 नो रिजल्ट
भारत जीता : 57
ऑस्ट्रेलिया जीता : 84

# ToB Photo of the day



पर्दा क०म०वि०आरा, भोजपुर



प्रा०वि० रामसंग, हरनौत, नालंदा



म०वि०केशोपुर, बकरी, उदतवंतनगर, भोजपुर





म०वि ०बिठला, परबत्ता, खगड़िया

संकलनकर्ता- पुष्पा प्रसाद



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
TEACHERS OF BIHAR
Presents
CYBERमंत्र
साईबर शिक्षा से साईबर सुरक्षा
24 / 56
अपने कंप्यूटर में किसी
अपरिचित यूएसबी उपकरण को
न लगाएँ।
शिकायत हेतु :
https://cybercrime.gov.in
विद्यालयी प्रणाली हेतु दिशानिर्देश:
https://ciet.nic.in/pages.php?id=book-
let-on-cyber-safetysecurity&ln=en&ln=en
Madhu priya
www.teachersofbihar.org



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत की
प्रसिद्ध खयाल गायिका
गंगूबाई हंगल
जी की जयंती पर सादर नमन।
जन्म-5 मार्च 1913 - मृत्यु-21 जुलाई 2009
Madhu priya
www.teachersofbihar.org